## खबर संक्षेप


### विधिक जागरूकता के लिए बाइक रैली कल

**सतना।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 9 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक मनाया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि अभियान अन्तर्गत विधिक जागरूकता के लिए बाईक रैली का आयोजन 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर से किया जायेगा। यह रैली सिविल लाइन वाया सर्किट हाउस चौराहा होते हुए सेमरिया चौक पहुंचकर वापस उसी रास्ते से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में समाप्त होगी।

### लोक अदालत 13 दिसंबर को, बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

**सतना।** नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत अधिनियम 2003धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू,समस्त कृषि,5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, लगी भीषण आग; सवार दोनों युवक सुरक्षित



**सतना।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। बिरसिंहपुर-जैतवारा मार्ग पर सभापुर नहर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद कार में भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार,कार क्रमांक एमपी 19 सीसी 4626 में सवार पंकज और पुष्पेंद्र नामक युवक बिरसिंहपुर से जैतवारा ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। यह दुर्घटना रात करीब 9 बजे हुई। गनीमत यह रही कि कार में सवार दोनों युवक सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। दुर्घटना के बाद कार में लगी आग इतनी विकराल थी कि वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और आग बुझाने की व्यवस्था की। यह कार अरुण कुमार पांडेय की बताई जा रही है। फिलहाल,दोनों युवक पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद बस स्टैंड, मॉल्स और होटलों में सघन चेकिंग जारी!







**सतना।** दिल्ली में हुए बम धमाकों के मद्देनज़र,सतना पुलिस ने जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है।किसी भी अप्रिय घटना से निपटने और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोलगवां और सिविल लाइन पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कोलगवां पुलिस ने बस स्टैंड,ट्रेंड मॉल,मंदिर मॉल,चौपाटी बाज़ार और आस-पास के होटलों में गहन जाँच की। यात्रियों और संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से तलाशी ली गई,ताकि किसी भी तरह की सुरक्षा चूक को टाला जा सके।वहीं,सिविल लाइन पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मॉल्स में विशेष चेकिंग की। इस अभियान में डॉग स्क्वाड टीम को भी शामिल किया गया,जिसने संदिग्ध सामानों और विस्फोटक सामग्री की तलाश में प्रमुख भूमिका निभाई। पुलिस का यह कदम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने और अराजक तत्वों पर लगाम कसने के उद्देश्य से उठाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह सघन चेकिंग भविष्य में भी जारी रहेगी और लोगों से सहयोग की अपील की है।

## पुरानी रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या, 65 हजार की लूट का आरोप; पुलिस ने शुरू की जाँच



**सतना।** सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के सिधौली में मंगलवार रात एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बृजेश सिंह के रूप में हुई है। यह दिल दहला देने वाली घटना तब हुई जब बृजेश अपने दोस्त कृष्ण कुमार के साथ बाइक से गांव की ओर जा रहा था। घायल दोस्त कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि वे मटेहना से सिधौली जा रहे थे। सिधौली के पास पहुंचते ही करीब दर्जन भर लोगों ने चलती बाइक पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बृजेश पर लाठियों से बेरहमी से वार किया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कृष्ण कुमार भी घायल हुए, लेकिन किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।गंभीर रूप से घायल बृजेश सिंह को पहले सतना जिला अस्पताल और फिर रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया,लेकिन उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। बृजेश की बहन प्रीतम सिंह ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनके भाई से 65 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन भी लूट लिया। परिजनों ने इस हत्या के पीछे पुराने जमीनी विवाद को मुख्य वजह बताया है।घटना की सूचना पर रामपुर बघेलान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या और लूट के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है।

## धुआं देख घबरा गए यात्री, इंटरसिटी एक्सप्रेस में मची अफरा-तफरी



**मैहर।** बुधवार सुबह जबलपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय हड़कंप मच गया जब ट्रेन के सी-1 कोच में अचानक फायर सेफ्टी अलार्म तेज आवाज में बज उठा। यह घटना सुबह करीब 8:30 बजे झुकेही स्टेशन के पास हुई। अचानक बजते अलार्म और उठते धुएं को देखकर यात्री घबरा गए और डिब्बे में अफरा-तफरी मच गई।

### अलार्म बजते ही यात्रियों ने खाली किया कोच

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,जैसे ही ट्रेन झुकेही स्टेशन पर पहुंची,कोच के एक हिस्से में हल्का धुआं दिखाई दिया।यह देखते ही ट्रेन स्टाफ ने तुरंत अनाउंसमेंट करते हुए यात्रियों से कहा कि सुरक्षा के लिए तुरंत कोच खाली करें। यह सुनते ही यात्री अपना सामान समेटकर जल्दबाजी में प्लेटफॉर्म पर उतरने लगे।कई यात्रियों ने बच्चों और बुजुर्गों को संभालते हुए सावधानी से ट्रेन से बाहर निकाला। दहशत के इस माहौल में प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ जमा हो गई।

### जांच में सामने आया छेड़छाड़ का मामला

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस बल और स्टेशन स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा और कोच की गहन जांच की। जांच में पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फायर अलार्म सिस्टम से छेड़छाड़ की थी और संभवतः आसपास किसी ज्वलनशील पदार्थ से हल्का धुआं उत्पन्न हुआ,जिससे यात्रियों में डर और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रेलवे अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।यह महज गलत अलार्म और धुएं के कारण उपजा डर था। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई,लेकिन कुछ देर के लिए यात्रियों में दहशत का माहौल बना रहा।

### ट्रेन को किया गया सुरक्षित रवाना

सभी आवश्यक जांच और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद,ट्रेन को झुकेही स्टेशन से सुरक्षित रूप से जबलपुर के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे ने यात्रियों से संयम बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि इस मामले में छेड़छाड़ करने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

## एनडीआरएफ की टीम ने किया भूकम्प पर सघन मॉकड्रिल





**सतना। 11वीं एनडीआरएफ वाराणसी के बचाव कर्मियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर सतना में भूकम्प की परिकल्पना पर आधारित एक सघन मॉक ड्रिल किया।**
जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित अभ्यास में पुलिस,एसडीईआरएफ अग्निशमन,स्वास्थ्य विभाग सहित सभी प्रमुख हित धारक एर्जेसियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया, होमगार्ड कमाण्डेंट सुनीत कुमार मिश्र,उप महानिरीक्षक एन डी आर एफ मनोज कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मॉकड्रिल के दौरान उप कमांडेंट कुलदीप सिंह ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य आपदा से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन,प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना,उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना तथा सभी हितधारक एर्जेसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## जरूरतमंदों को बांटे गए गर्म वस्त्र



**सतना।** जिला अस्पताल परिसर स्थित सेवा संकल्प वस्त्र बैंक द्वारा बुधवार को अपना 157वां वस्त्र वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर आरपीएफ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए जरूरतमंद लोगों को साड़ी सेट,जींस,पैंट,ब्लेज़र,ऊनी बनियान और बच्चों के गर्म कपड़े सहित विभिन्न प्रकार के वस्त्र वितरित किए गए। निःशुल्क वस्त्र प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।
मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती। मैं जहां भी रहा,वहां इस प्रकार की सेवा गतिविधि देखने को नहीं मिली। सतना आकर मुझे स्वयं सेवा का अवसर मिला,यह मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा,यदि जीवन को सफल बनाना है तो सेवा से बड़ा कोई मार्ग नहीं-नर सेवा ही नारायण सेवा है।
इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुरेश बडेरिया,गिरीश अग्रवाल,राजकुमार शुक्ला,सतीश सचदेव,श्याम लाल गुप्ता,श्यामू पर्वतारोही,रत्नेश पांडेय,जे पी गुप्ता,अन्नू अग्रवाल,रेखा सिंह गहरवार,अनुजा राजे सिंह परिहार,खुशबु पांडेय सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक उपस्थित रहे,जिन्होंने वितरण व्यवस्था में अपना सक्रिय सहयोग दिया। सेवा संकल्प वस्त्र बैंक ने यह जानकारी दी है कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के लिए यह वस्त्र वितरण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## सीएम हेल्पलाइन में संतुष्टि का प्रतिशत कम से कम 45 से 50 प्रतिशत रखें



**मैहर।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में निराकरण के संतुष्टि का प्रतिशत कम से कम 45 से 50 प्रतिशत तक लायें। इसी प्रकार 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभागीय प्रदर्शनी का भी आयोजन करें। बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि अभी जो विभाग बी,सी और डी श्रेणी में है। वे प्रयास कर अगले दो-तीन दिनों में ए श्रेणी में आने का प्रयास करें,दो दिन बाद पुनः सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अधिकारी सुनिश्चित करें कि उसके अधीनस्थ मैदानी स्तर की संस्थाओं और कार्यालयों में जिला मैहर अंकित कर दिया गया है। आंगनवाडी केन्द्र,राशन दुकानें, स्कूल,छात्रावास,सोसायटी इत्यादि शासकीय परिसम्पत्तियों में जिले का नाम सुधारें और इस आशय का प्रमाण पत्र भी देवें। संभागीय स्वरोजगार मेला की तैयारी और स्वरोजगार की योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग और बैंकर्स सुनिश्चित करें कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रकरणों में 15 नवम्बर तक शत-प्रतिशत स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण हो जाये। इस कार्य में एलडीएम मैहर रविरंजन को समन्वय करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये।धरती आबा अभियान के चयनित गांवों में योजनाओं के सैचुरेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि इन गांवों में भी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित कार्यक्रम हो तथा शैक्षणिक संस्थाओं में जनजातीय वीर नायकों तथा महापुरूषों की गौरव गाथा से संबंधित निबंध,भाषण,चित्रकला,सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जाये। मैहर जिला मुख्यालय के जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में जनजातीय लोक संस्कृति के सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्व सहायता समूहों एवं वन उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाने के निर्देश दिये गये। ई-आफिस की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि अभी मात्र दो या तीन विभाग ही इसका उपयोग कर रहे है। ई-आफिस से आने वाली फाइलों में संबंधित विभाग शासन के निर्देश भी साथ में अपलोड करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ई-आफिस का उपयोग नहीं करने वाले विभागों के अधिकारियों को नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि विभागों के अधिकारी स्वयं सीएम हेल्पलाइन के जवाबों का परीक्षण करें और उनमें सुधार लाये। धरती आबा अभियान के चयनित गांवों में चल रहे अधोसंरचनात्मक कार्यो को जनपद सीईओ शीघ्र पूर्ण करायें और आवश्यक कार्य जो इन गांवों में कराये जा सकते हैं उनके प्रस्ताव भी भेजे। पीएम जनमन योजना के ग्राम बेहार में सामुदायिक भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण कर उसका लोकार्पण कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये।

## मैहर में 'नियम तोड़ने वालों' पर पुलिस का 'सख्त प्रहार': काली फिल्म उतरी,'जुर्माने' कटे




**मैहर।** सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को बहाल करने के लिए पुलिस ने 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति अपनाते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस कठोर कार्रवाई के दौरान,सड़कों पर 'नियमों की धज्जियाँ उड़ाने' वाले वाहन चालकों को पुलिस ने सबक सिखाया। विशेष रूप से,जिन कारों पर काली फ़िल्म चढ़ाकर कानून को चुनौती दी जा रही थी,उन्हें तत्काल रोका गया और मौके पर ही फ़िल्म उतरवाकर उन्हें 'आईना' दिखाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ताबड़तोड़ चालान काटे गए, जिससे 'मनमानी' करने वालों में हड़कंप मच गया। जुर्माने की कार्रवाई के साथ ही, उन्हें यह सख्त हिदायत भी दी गई कि भविष्य में सड़क के कायदे-कानूनों का ईमानदारी से पालन करें। पुलिस ने साफ़ शब्दों में कहा कि इस 'कड़ा अभियान' का एकमात्र उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति 'गहरी जागरूकता' पैदा करना और सड़क दुर्घटनाओं के 'खतरे' को जड़ से खत्म करना है। यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश है कि 'नियम तोड़ा तो बख्शा नहीं जाएगा!'



## खबर संक्षेप

### शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरम्मत कार्य तेज, सीएम के आगमन की तैयारियां



**पन्ना।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर शाहनगर में प्रशासनिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। नगर के सरकारी दफ्तरों में मेंटेनेंस और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। हाल ही में विश्राम गृह शाहनगर का रेनोवेशन कार्य भी पूरा किया गया है। जानकारी के अनुसार, सीएम की सभा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की प्रतिदिन बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिसमें जिम्मेदारियों का विभाजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता के साथ जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। सभा में शामिल होने वाली जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है और उसी के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह पहला अवसर होगा जब कोई मुख्यमंत्री शाहनगर में सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। स्थानीय नागरिकों में इसको लेकर उत्साह का माहौल है।

### लाड़ली बहनों को मिली नवम्बर माह की आर्थिक सहायता राशि



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान नवम्बर माह की आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक के जरिए अंतरण किया। इस अवसर पर जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी किरण खरे सहित जिला समन्वयक पोषण अभियान, पर्यवेक्षक और लाभार्थी महिलाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को देखा एवं सुना। जिले की सभी ग्राम पंचायतों, ग्राम और वार्डों में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन को उत्साहपूर्वक सुना गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पन्ना जिले की एक लाख 82 हजार 195 लाड़ली बहनों को 26 करोड़ 83 लाख रूपए का भुगतान किया गया।

### महाविद्यालयों में रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के पत्र के परिपालन में महाविद्यालयों में रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। न्यास द्वारा पन्ना जिले में ललित कलाओं के माध्यम से युवाओं में श्रीरामचंद्र के जीवन आदर्श को संप्रेषित करने के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। न्यास द्वारा पहली बार इन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पन्ना जिले के समस्त महाविद्यालयों में श्रीरामचंद्र जी पर केन्द्रित भाषण, रंगोली, चित्रकला, कविता एवं भजन, प्रश्न मंच इत्यादि प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा रामायण, रामचरित मानस, जनश्रुति व लोक मान्यता तथा अन्य ग्रंथ व पुराण, जिनमें श्रीरामचंद्र के मध्यप्रदेश आगमन का वर्णन मिलता है, के आधार पर श्रीरामचंद्र जी के वनवासकालीन प्रसंगों पर उल्लेखित गतिविधियां संपन्न की जाएंगी। उक्त गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालयों में प्रत्येक वर्ष होने वाले वार्षिक उत्सव तथा स्नेह सम्मेलन के दौरान किया जा सकेगा। विजेता विद्यार्थियों को श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा स्मृति चिन्ह एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए शासकीय छत्रसाल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**शहरवासियों ने भारी वाहनों की तेज़ रफ्तार और उड़ती धूल से राहत के लिए थाना देवेंद्रनगर में दी लिखित शिकायत**

# धूल में दबी देवेंद्रनगर की सांस: 41.39 करोड़ की सड़क मरम्मत योजना में ठेकेदारों की मनमानी, प्रशासन मौन

**पन्ना। नेशनल हाइवे-39 (मीठा से सतना मार्ग) की मरम्मत के लिए शासन ने 41.39 करोड़ का बजट स्वीकृत किया है, लेकिन जिस ढंग से इस कार्य की शुरुआत हुई है, उसने शासन-प्रशासन की गंभीरता और ठेकेदारों की नीयत दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

काम की शुरुआत उन सुनसान हिस्सों से की गई है, जहाँ न जनता की पहुँच है, न मीडिया की निगरानी, और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही का दबाव।



### धूल और गड्ढों से जूझता देवेंद्रनगर

देवेंद्रनगर की सड़कें इस समय धूल और गड्ढों का मिश्रण बन चुकी हैं। सुबह से शाम तक पूरा कस्बा धूल के बादल में घिरा रहता है। दुकानदारों का सामान, खाने-पीने की वस्तुएँ और घरों की दीवारें तक धूल से सनी रहती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि "अब तो साँस लेना भी मुश्किल हो गया है, पर अफसरों को जैसे कोई फर्क नहीं पड़ता। लंबे समय से सड़क मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहे नागरिक अब खुले तौर पर कह रहे हैं कि शासन की यह प्राथमिकता "जनहित" नहीं बल्कि "भुगतान केंद्रित" प्रतीत होती है।

### जहाँ सबसे ज़रूरी, वहाँ काम नहीं

देवेंद्रनगर, पन्ना, अमानगंज और नगौद जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में सड़क मरम्मत की तत्काल आवश्यकता थी। लेकिन मरम्मत कार्य उन इलाकों में आरंभ किया गया है जहाँ न आवागमन अधिक है, न शिकायत की संभावना। जानकारों के अनुसार, यह रणनीति "पहले निर्जन हिस्सों में काम दिखाओ, भुगतान लो, और फिर व्यस्त क्षेत्रों को अधर में छोड़ दो" जैसी पुरानी प्रवृत्ति का हिस्सा है।

### जनता ने उठाई आवाज़, शिकायत पहुँची थाना देवेंद्रनगर

सड़क की बदहाली, धूल प्रदूषण और तेज़ रफ्तार वाहनों से बढ़ते खतरे को देखते हुए देवेंद्रनगर के नागरिक अब सक्रिय हो गए हैं। स्थानीय निवासी शैलेन्द्र कुमार सोनी (सलेहा रोड, देवेंद्रनगर) ने दिनांक 11 नवम्बर 2025 को थाना प्रभारी देवेंद्रनगर एवं नगर परिषद अध्यक्ष को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि "शहर के भीतर विशेष रूप से पन्ना-सतना रोड और सलेहा रोड पर भारी वाहनों की अनियंत्रित गति से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इनसे अत्यधिक



शोर और वायु प्रदूषण भी हो रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।" उन्होंने प्रशासन से निम्नलिखित ठोस कदम उठाने की माँग की है - शहर के भीतर स्पीड लिमिट साइन बोर्ड लगवाए जाएँ, प्रमुख स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएँ, नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### अफसरों की चुप्पी और जनता की निराशा

लोगों का कहना है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद ना तो विभागीय निरीक्षण हुआ, न किसी स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए गए। यहाँ तक कि सड़क मरम्मत कार्य का सूचना-पट्ट तक नहीं लगाया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कार्य किस एजेंसी द्वारा और कितने समय में पूरा किया जाना है। अफसरों की यह चुप्पी जनता में नाराज़गी और अविश्वास को और गहरा रही है।

### जनता की माँगरू जहाँ तकलीफ़ सबसे ज़्यादा, वहीं से शुरू हो काम

देवेंद्रनगर जैसे व्यस्त कस्बे में, जहाँ से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, सड़क मरम्मत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। धूल, प्रदूषण और दुर्घटनाओं से जूझ रही जनता अब शासन से अपेक्षा कर रही है कि मरम्मत कार्य को पारदर्शी और क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुरूप पुनः व्यवस्थित किया जाए।

## केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में सायबर जागरूकता एवं यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू रही मुख्य अतिथि



**पन्ना।** केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में आज पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू की उपस्थिति में सायबर जागरूकता एवं यातायात नियमों पर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं में बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति सजगता एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सायबर जागरूकता पर आधारित नाटक की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया पर गलत जानकारी साझा करने के खतरे एवं डिजिटल सुरक्षा के उपायों को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नायडू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "डिजिटल युग में सायबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए आवश्यक है कि हम इंटरनेट का उपयोग सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध लिंक्स या मैसेज पर क्लिक करने से बचें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, तथा सायबर सेल से प्रधान आरक्षक आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत एवं आर. उपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार द्वारा विद्यार्थियों को 'राहगीर योजना' की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के बीच यातायात संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी दर्ज की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## विधानसभा संयोजक बृजेंद्र खमरिया एवं मंडल संयोजक राजेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में हुई बैठक



### भाजपा मंडल गुनौर के शक्ति केंद्र नगर गुनौर 02 की बैठक संपन्न

**गुनौर।** भाजपा मंडल गुनौर के शक्ति केंद्र नगर गुनौर 02 की बैठक बूथ अध्यक्ष बबलू प्रजापति के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, और बूथ स्तर पर पार्टी के जनाधार को मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा का वास्तविक बल कार्यकर्ताओं में निहित है और प्रत्येक बूथ को संगठन की मजबूत इकाई बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बद्री पटेल, पूर्व महामंत्री राम नारायण दहिया, भाजपा महामंत्री विजय चौबे, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष रूपनारायण द्विवेदी, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजेश तिवारी, अंकित द्विवेदी, अंकित शर्मा, शक्ति केंद्र सोशल मीडिया प्रभारी रमाकांत चौधरी, बूथ मंत्री रामचंद्र पटेल, तथा बूथ अध्यक्ष बबलू प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के आगामी अभियानों को गति देने तथा बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को सशक्त करने का आह्वान किया गया।



### छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दिनांक-12/11/25 को प्राचार्य डॉ एस. डी. चतुर्वेदी के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ एम .के शुक्ल के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है गौरव दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं रंगोली/मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय जनजातीय संस्कृति तथा प्रकृति से निकटता रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय नायकों के संघर्ष साहस और बलिदान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और गर्व की भावना उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर एनएसएस वॉलिंटियर्स ने पोस्टर निर्माण, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन संघर्ष जन सेवा और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को उनकी कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पियूषा शर्मा डॉ रोशनी गुप्ता एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## नगर परिषद गुनौर में नाली निर्माण न होने से मुख्य सड़क में बह रहा घरों का गन्दा पानी





### वार्ड नंबर 11 की स्थिति जिससे वर्तमान भाजपा मण्डल अध्यक्ष पार्षद चुनी गई थी

**गुनौर।** मध्य प्रदेश में जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार है वहीं नगर परिषद गुनौर की स्थिति बद से बत्तर दिख रही है जो फ़ोटो में बयां कर रही है नगर परिषद गुनौर के वार्ड 11 में जहां से वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की मण्डल अध्यक्ष ख़ुद निर्वाचित हो कर पार्षद चुनी गई थी आज उसी वार्ड के नागरिक नरक का जीवन जीने को मजबूर है जहां सुबह की शुरुवात ही नाली के गन्दे पानी से होती है कुछ समय पूर्व सकरिया से डिघौरा तक सड़क निर्माण हुआ है जिसमें पूर्व में बनी नाली तोड़ दी गई चुकी नए तरीके से नाली का निर्माण होना था परन्तु महीनों से घरों का गन्दा पानी लोगो के घरों के सामने भरा हुआ है मुख्य सड़क मार्ग तक पानी फैला है जिस सड़क से वर्तमान सत्ता दल के चुने हुए जनप्रतिनिधि प्रशासन के अधिकारी समाजसेवी पत्रकार सहित आम नागरिक स्कूली बच्चे रोज गुजरते है परन्तु किसी का ध्यान इसके सुधार की ओर नहीं गया जहां पार्षद से ले कर प्रधानमंत्री तक सत्ता दल का बैठा हो वहां की स्थिति देख कर यकीन नहीं होता कि यह कैसी विकास की गंगा बह रही है? गुनौर अमानगंज रोड वार्ड नंबर 11 के निवासी ठाकुर प्रसाद राजपूत परिवार सहित निवास करते है जिसके सामने भाजपा के नेता व वार्ड नंबर 10 के पार्षद प्रतिनिधि प्रबल कुमार जैन भी किराना व्यापार करते है जहां महीनों से घर के सामने व सड़क पर गंदा पानी बह रहा है जहां बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है वहीं तेज वाहनों के गुजरने से सड़क में भरा गन्दा पानी घरों व दुकानों के अंदर तक चला जाता है समाचार पत्र के माध्यम से चुने हुए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ड वासियों ने अपील की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण करा कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए जिससे होने वाली समस्या से निजाद मिल सके।

## सार्थक एप से उपस्थिति अनिवार्यता पर स्वास्थ्य कर्मचारियों की आपत्ति, एसडीएम शाहनगर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सार्थक एप्लीकेशन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता का विरोध किया है। बुधवार दोपहर स्वास्थ्य कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शाहनगर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर इस व्यवस्था से जुड़ी तकनीकी व व्यवहारिक समस्याओं से अवगत कराया। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की कार्यकारी अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री बृज किशोर जड़िया, तथा संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि रोटेशनल ड्यूटी, नेटवर्क समस्या और तकनीकी जानकारी के अभाव के कारण अधिकांश कर्मचारियों को एप्लीकेशन से उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाई का सामना करना



पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली चलित स्वरूप की है। फील्ड में कार्यरत कर्मचारी ग्रामीण इलाकों, स्वास्थ्य शिविरों और आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। ऐसे में निर्धारित समय और स्थान पर मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सार्थक एप्लीकेशन से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता समाप्त की जाए, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से कर सकें। कर्मचारी संगठनों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगा और जल्द ही समाधान निकालेगा।

**आवश्यकता है**
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन में व्यावसायिक सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर डिप्लोमा धारी प्रशिक्षिका की आवश्यकता है जिसका वेतनमान- 2500 प्रतिमाह 3 माह के लिए आवेदन आमन्त्रित है अपने सभी दस्तावेज डिप्लोमा सहित आवेदन फार्म बालिका छात्रावास कुंजवान की अधीक्षिका के पास कार्यालय मे जमा करें।

## खबर संक्षेप

### बालू के अवैध उत्खनन को लेकर हुआ खूनी संघर्ष



**पूर्व सरपंच के परिवार पर हुआ हमला, फायरिंग भी हुई**

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दालौन में बालू के अवैध उत्खनन को रोकने पर पूर्व सरपंच के भाई और भतीजे पर वर्तमान सरपंच पति ने अपने चार साथियों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान फायरिंग भी हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आरोपी फरार हो चुके हैं। दालौन के पूर्व सरपंच महिपाल सिंह के भाई शिशुपाल सिंह ने बताया कि सरपंच पति प्रेमचंद अहिरवार निजी भूमि पर अवैध बालू उत्खनन कर रहे थे। मना करने पर प्रेमचंद ने अपने साथी बृजेश अहिरवार, चतरा अहिरवार, लल्ली बंसल और लक्ष्मण रैकवार के साथ मिलकर कुल्हाड़ी-फरसे से उस पर तथा भतीजे यशपाल सिंह पर हमला कर दिया किया। विवाद के दौरान जब एक अन्य भतीजा कपिल सिंह मौके पर पहुंचा तो आरोपी बृजेश अहिरवार ने उस पर भी कट्टे से फायरिंग की। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे, जबकि घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया, जहां शिशुपाल और यशपाल का इलाज चल रहा है। सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एससी-एसटी कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

# कुल्हाड़ी से महिला की हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

**छतरपुर।** वर्ष 2022 में महिला को कुल्हाड़ी मारकर हत्या और उसके पति पर जानलेवा हमला करने के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और जुर्माना ठोका है। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया था, जब महिला रात के वक्त अपने घर में सो रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला न्यायालय पहुंचा था, जहां अभियोजन ने सभी सबूत पेश कर आरोपी को सजा दिलाई। डीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि 11 सितंबर 2022 को रात करीब 10 बजे फरियादी विशाल अहिरवार अपनी बहन मनीषा और छोटे भाई विकास के साथ कमरे में सो रहा था जबकि दादा मनका अहिरवार और दादी बिनईयां अहिरवार बरामदे में सो रहे थे। रात करीब



1:30 बजे दादी की चिल्लाने की आवाज आई तो विशाल और मनीषा जागे और खिड़की से देखा कि राहुल कुशवाहा कुल्हाड़ी लिए और एक अन्य लड़का चाकू लिए दादी के पास खड़ा है। विशाल ने बब्लू अहिरवार और मनीष अहिरवार को फोन किया। मनीष और बब्लू मौके पर पहुंचे तो आरोपी छत से कूदकर भाग रहे थे। पीछा किया लेकिन नहीं पकड़े गए। विशाल ने दरवाजा खोला तो दादी के गले और बाएं हाथ की कलाई में तथा दादा की गर्दन और बाएं हाथ में गहरे घाव थे जिनसे खून बह रहा था। मनीष ने डायल 100 को फोन किया। पुलिस आई और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बिनईयां को मृत घोषित कर दिया और मनका को ट्रामा वार्ड में भर्ती किया। थाना गढ़ीमलहरा ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच की और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन की ओर से प्रभारी उपनिदेशक प्रवेश कुमार अहिरवार ने सभी सबूत और गवाह पेश किए। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट उपेंद्र प्रताप सिंह के न्यायालय ने आरोपी राहुल कुशवाहा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में आजीवन कारावास और 500 रुपये जुर्माना, धारा 307 में आजीवन कारावास और 500 रुपये जुर्माना, धारा 459 में 10 वर्ष सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माना तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वी) में आजीवन कारावास और 500 रुपये जुर्माना सुनाया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और जुर्माना ठोका है। घटना थाना सटई क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की के साथ हुई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला न्यायालय पहुंचा था, जहां अभियोजन ने सभी सबूत पेश कर आरोपी को सजा दिलाई। डीपीओ प्रवेश अहिरवार ने बताया कि 23 अक्टूबर 2024 को थाना सटई में पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 13 वर्ष 6 माह की बेटी जो कक्षा 9वीं में पढ़ती है 22 अक्टूबर को सुबह 9 बजे घर से गायब हो गई। मां-पिता मजदूरी पर गए थे और घर पर चार बेटियां अकेली थीं। आरोपी राजेंद्र उर्फ छोटू सेन गांव में बाल कटिंग का काम करता था और लड़की से बातचीत करता रहता था। शक के आधार पर गुमशुदगी रिपोर्ट और अपराध दर्ज किया गया। 3 नवंबर 2024 को चौकी पडरिया में पीड़िता दस्तयाब हुई। उसने बताया कि आरोपी उसे मेला घुमाने के बहाने छतरपुर, भोपाल और दिल्ली ले गया और गलत काम किया। जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमंत बाजोलिया ने सभी सबूत और गवाह पेश किए। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कविता वर्मा के न्यायालय ने आरोपी राजेंद्र उर्फ छोटू सेन को पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6 में 20 वर्ष सश्रम कारावास और 2000 रुपये जुर्माना, भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1) में 20 वर्ष सश्रम कारावास और 2000 रुपये जुर्माना, धारा 87 में 7 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रुपये जुर्माना, धारा 137(2) में 5 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रुपये जुर्माना तथा धारा 127(4) में 1 वर्ष सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक का छतरपुर में हुआ भव्य स्वागत

**छतरपुर। बुधवार को नव नियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक के छतरपुर नगर में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों द्वारा फूलमाला, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। जिले के विभिन्न स्थानों पर स्वागत के बाद देर शाम वह जिला भाजपा कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह नव नियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक पन्ना के मड़ला से छतरपुर जिले में दाखिल हुईं जहां जिले की सीमा से ही उनका स्वागत शुरू हुआ। टोरिया टेक, चंद्रनगर, बमीठा, देवगांव, झमटुली, देवरा, जटाशंकर धाम, बिजावर, पंडित रामाधार मिश्रा निवास हटवाहा, रगौली, मातगवां, चौका, ढडारी, बगौता होते हुए देर शाम उनके काफिले ने छतरपुर में प्रवेश किया। शहर के श्री मोटे के महावीर मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। इसके बाद रैली के रूप में छत्रसाल चौराहा, महल तिराहा, चौक बाजार, हटवारा, पत्रकार चौक, बस स्टैंड होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुंचीं। कार्यालय में छतरपुर विधायक ललिता यादव, कामाख्या प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आबादी सर्वे में हुई गड़बड़ी की जांच करने पहुंचा जांच दल

# ग्रामीणों ने पटवारी पर लगाए सर्वे के दौरान लापरवाही करने के आरोप

**छतरपुर।** ईशानगर में स्वामित्व योजना के तहत किए गए आबादी सर्वे में गंभीर लापरवाही किए जाने के आरोप सामने आए हैं। तत्कालीन पटवारी विवेक उपाध्याय पर आरोप है कि उन्होंने कई शासकीय भवनों को निजी स्वामित्व में बदल दिया है, खाली सरकारी जमीन पर प्लॉट काटकर पट्टे बांट दिए और 100 से अधिक दुकानों को आवासीय स्वामित्व दे दिया। यह आरोप है कि पटवारी ने पूर्व विधायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सरपंच के परिजनों को फायदा पहुंचाने की मंशा से ऐसा किया है। हाल ही में इस मामले की शिकायत कलेक्टर से हुई थी, जिसके बाद कलेक्टर ने 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। मंगलवार को जांच टीम ने ईशानगर पहुंचकर जांच की, जिसमें पाया गया कि पटवारी ने शासकीय कन्या पाठशाला बस्ती, कन्या पाठशाला गढ़ी मंदिर, पीडब्ल्यूडी और हेल्थ डिपार्मेंट की इमारतों के खसरा क्रमांक 486, 487, 984, 986 को निजी दर्ज कर दिया। शासकीय खसरा क्रमांक 1163, 1164, 1142, 1162, 1161,



1160, 1156 से 1159 की खाली जमीन पर प्लॉट काटकर पट्टे बांटे गए। स्वामित्व योजना केवल आवासीय संपत्ति के लिए है, लेकिन 100 से अधिक व्यावसायिक दुकानों को भी आवासीय स्वामित्व दिया गया। स्थानीय निवासी रामसेवक अहिरवार ने बताया कि उनकी खाली जमीन को शासकीय दर्ज कर दिया गया। मैयादीन अहिरवार का कहना है कि उनका पुश्तैनी मकान आबादी से गायब कर दिया गया। वहीं जांच अधिकारियों ने कहा कि आबादी सर्वे में गड़बड़ी हुई है और जांच पूरी होने पर कार्रवाई होगी।

# अधिवक्ता संघ चुनाव की तैयारियां शुरू



गठित हुई तदर्थ समिति, वोटर लिस्ट पर फोकस

**छतरपुर। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। पिछला कार्यकाल अगस्त 2025 में समाप्त होने के बाद स्टेट बार काउंसिल ने 5 सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की है, जिसके अध्यक्ष नीरज चंसौरिया हैं। इसके अलावा अधिवक्ता रवि पांडेय, श्रीराम शुक्ला, सीताराम विश्वकर्मा और मनोज कुमार गुप्ता को सदस्य बनाया गया हैं।**

सदस्य रवि पांडेय ने बताया कि स्टेट बार काउंसिल से 16 अक्टूबर 2025 को 1250 अधिवक्ताओं की सूची प्राप्त हुई है। इसमें एआईबी परीक्षा पास न करने वाले, मृतक और डिक्लेरेशन न भेजने वाले अधिवक्ताओं के नाम शामिल हैं। इनसे मिलान कर वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है। लिस्ट प्रकाशित होने के बाद आपत्तियां सुनी जाएंगी और फिर चुनाव तिथियां घोषित होंगी। वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए 8 नवंबर तक शुल्क जमा करने की तिथि निर्धारित की गई थी। शुल्क जमा न करने वाले अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। एआईबी परीक्षा पास करने वाले नए अधिवक्ता ही मतदाता बन सकेंगे। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रहेगी। समिति ने सभी अधिवक्ताओं से शुल्क जमा करने और सहयोग करने की अपील की है।

# लक्ष्य से बिना भटके हुए आगे बढ़ें युवाः ललिता यादव

संभाग स्तरीय युवा उत्सव का भव्य रैली से हुआ आगाज

**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर में अंतर जिला संभाग स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ एक भव्य रैली के आयोजन के साथ हुआ। इस रैली में कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आरएस सिसौदिया, युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती निकिता यादव, एनसीसी प्रभारी डॉ बीडी नामदेव, विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के सभी जिलों के प्रतिभागी, कलाकार, टीम मैनेजर्स, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित यूनिवर्सिटी स्टाफ,एनसीसी, एनएसएस के वालेंटियर एवं छात्र छात्राएं अपनी अपनी यूनिफॉर्म में सम्मिलित रहे। यह लुभावनी रैली शताब्दी परिसर से छत्रसाल चौक होते हुए शताब्दी हॉल परिसर पहुंच कर संपन्न हुई।**



विश्वविद्यालय की मीडिया समिति के सदस्य डॉ आरडी अहिरवार ने बताया कि पूर्वान्ह 11:00 बजे शताब्दी हॉल प्रांगण में इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी की अध्यक्षता एवं छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया, विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ आरएस सिसौदिया एवं युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती निकिता यादव की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने श्रीमती सुकन्या खरे, शैलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में संगीतमय सरस्वती वंदना, विश्वविद्यालय कुलगान एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात युवा समिति ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान के साथ अतिथियों के पुष्प मालाओं, शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया। डॉ आरएस सिसौदिया ने शब्द सुमनों से सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती निकिता यादव ने इस तीन दिवसीय संभाग स्तरीय



युवा उत्सव के आयोजन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युवा उत्सव का विद्यार्थियों के जीवन में एक विशेष महत्व एवं स्थान होता है, क्योंकि यह युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हुए एक नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका इस संस्था से पढ़ कर इस पद तक पहुंचना संस्था के लिए गौरव की बात है। श्रीमती ललिता यादव ने अपने प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक उद्बोधन में युवाओं को एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए बिना भटके हुए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। युवाओं से में कहना चाहती हूं कि आप ही देस के कर्णधार हैं, आगे चलकर आप लोगों को ही देस की बागडोर संभालना है। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य एवं छतरपुर जिले की बेटी सुश्री क्रांति गौड़ का उदाहरण देते हुए युवाओं से अपने पदचिन्ह बनाने हेतु मार्गदर्शित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आर एस सिसौदिया ने सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री नंदकिशोर पटेल ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ के सदस्यों सहित बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय युवा उत्सव में होंगी यह प्रतियोगिताएं

श्रीमती निकिता यादव के अनुसार इस तीन दिवसीय युवा उत्सव में वादन (परकुशन एवं नॉन परकुशन), गायन (सुगम, पश्चात्य एवं शास्त्रीय), प्रश्न मंच, स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, वाद- विवाद, वक्तृता, मिमिक्री एवं स्किट, समूह गायन (भारतीय एवं पाश्चात्य), पोस्टर निर्माण, कार्टूनिंग, एकांकी, मूक अभिनय तथा रंगोली विधाओं की स्पर्धाएं संपन्न करवाई जाएंगी।

# कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी नौगांव में सोयाबीन खरीदी का किया निरीक्षण



अपने सामने व्यापारियों से लगवाई सोयाबीन खरीदी की बोली

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को अपने निरीक्षण के क्रम में नौगांव कृषि उपज मंडी पहुंचकर भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन खरीदी का निरीक्षण किया। साथ ही व्यापारियों द्वारा सोयाबीन खरीदी की बोली प्रक्रिया को समक्ष में कराया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा किसानों को फसल का सही दाम मिले इसलिए सरकार द्वारा भावांतर योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा 13 नवंबर 2025 को सोयाबीन कृषकों के खातों में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान न्यूनतम दर से मॉडल रेट 5328 रूपये के बीच की राशि अंतरित की जाएगी। कलेक्टर ने फसल की तौल पत्रक, पंजीयन एवं विक्रय से संबंधित पर्ची की जांच कर मिलान किया। साथ ही कलेक्टर ने सोयाबीन की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने मंडी में गोदाम की मांग आने पर मंडी सचिव को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही योजना का व्यापारी लाभ न ले पाए इस उद्देश्य से फसल बेचने आए कृषकों के आधार कार्ड से पंजीयन का मिलान किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के अलावा कोई भी व्यापारी भावांतर का गलत लाभ नहीं ले पाए। प्रत्येक किसान की फसल खरीदी में व्यापारियों द्वारा बोली लगाई जाए। भावांतर योजना में किसानों को व्यापारियों द्वारा लगाई गई बोली के न्यूनतम रेट एवं मॉडल रेट की बीच की राशि योजनांतर्गत भुगतान होता है। जिससे किसानों को अपनी फसल का अच्छा मूल्य मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम जीएस पटेल, तहसीलदार, जनपद सीईओ, कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी नौगांव में सोयाबीन खरीदी का किया निरीक्षण

### अपने सामने व्यापारियों से लगवाई सोयाबीन खरीदी की बोली

***छतरपुर।*** **कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को अपने निरीक्षण के क्रम में नौगांव कृषि उपज मंडी पहुंचकर भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन खरीदी का निरीक्षण किया। साथ ही व्यापारियों द्वारा सोयाबीन खरीदी की बोली प्रक्रिया को समक्ष में कराया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा किसानों को फसल का सही दाम मिले इसलिए सरकार द्वारा भावांतर योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा 13 नवंबर 2025 को सोयाबीन कृषकों के खातों में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान न्यूनतम दर से मॉडल रेट 5328 रूपये के बीच की राशि अंतरित की जाएगी।**

कलेक्टर ने फसल की तौल पत्रक, पंजीयन एवं विक्रय से संबंधित पर्ची की जांच कर मिलान किया। साथ ही कलेक्टर ने सोयाबीन की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने मंडी में गोदाम की मांग आने पर मंडी सचिव को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही योजना का व्यापारी लाभ न ले पाए इस उद्देश्य से फसल बेचने आए कृषकों के आधार कार्ड से पंजीयन का मिलान किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के अलावा कोई भी व्यापारी भावांतर का गलत लाभ नहीं ले पाए। प्रत्येक किसान की फसल खरीदी में व्यापारियों द्वारा बोली लगाई जाए। भावांतर योजना में किसानों को व्यापारियों द्वारा लगाई गई बोली के न्यूनतम रेट एवं मॉडल रेट की बीच की राशि योजनांतर्गत भुगतान होता है। जिससे किसानों को अपनी फसल का अच्छा मूल्य मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम जीएस पटेल, तहसीलदार, जनपद सीईओ, कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाबू जगजीवन राम सीनियर कन्या छात्रावास और शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास नौगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निरीक्षण के दौरान छात्रावास के भवन, भोजन कक्ष, रसोई घर, स्टोर रूम, शयन कक्ष, पुस्तकालय आदि व्यवस्था देखी। जो दुरुस्त पाई गई। कलेक्टर ने छात्राओं से मीनू अनुसार भोजन मिलने के बारे में बातचीत की। बच्चों द्वारा सकारात्मक उत्तर देने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही बच्चों से उनके हेल्थ चेकअप होने की जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, आवश्यक मोबाइल नंबर के दीवार लेखन, मीनू चार्ट आदि पाए गए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बाबू जगजीवन राम छात्रावास परिसर में पौधरोपण भी किया।






### नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेबा का किया निरीक्षण

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नवीन निर्माणयुक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेबा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा दृष्टि से बाउंड्री वॉल बनाने एवं सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रखने के निर्देश दिए। साथ ही बाहरी सौंदर्यीकरण कराए जाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने परिसर में क्षेत्र से आने वाले मरीजों के लिए पार्क बनाने, पार्किंग व्यवस्था, वेटिंग एरिया सहित आदि कार्य प्लान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लेबर रूम, ओटी रूम आदि में ए.सी. लगाए जाने के संबंध में स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही डॉक्टर्स के आवासों का सौंदर्य कार्य कराने सहित रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कर एक्टिव रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, सहित पीआईयू एवं स्वास्थ्य विभाग के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने चार विस्तरीय रूम का मापन कराया। साथ ही वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट के लिए पीआईयू के द्वारा सेप्टिक टैंक बनवाने और वेस्ट डिस्पोजल के टेंडर लगाने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट अवमानना में डीईओ सहित तीन को नोटिस जारी

**रीवा।** लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक ने कोर्ट की अवमानना से जुड़े एक मामले में तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समय पर जवाब नहीं दिए जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नोटिस में कहा गया है कि अमृतलाल गौतम की ओर से दायर याचिका से जुड़े मामले में अवमानना का प्रकरण पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद नईगढ़ी से संपर्क कर जवाब प्रस्तुत करना था लेकिन अधिकारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। इस कारण संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ उप संचालक केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज प्रसाद मिश्रा एवं नईगढ़ी के बीएमओ हिंचलाल वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

### गौरव दिवस का आयोजन 15 नवम्बर कोजिला स्तर पर विभिन्न आयोजन आज

**रीवा।** जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान के स्मरण तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जायेगी। जिला संयोजक जनजातीय विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि आयोजनों की श्रृंखला में 13 नवम्बर को जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास झिरिया में सुबह 11 बजे से बालकों के लिये तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में बालिकाओं के लिये लोकगीत, लोक नृत्य, शिल्प कला प्रदर्शन, पाककला प्रदर्शन, नाटक मंचन एवं रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया है। आयोजन उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

### पीएससी में रोज ओपीडी में नहीं मिलते डॉक्टर

**सिलौंड़ी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर प्रदीप कुमार की नियुक्ति की गई है परंतु प्रतिदिन ओपीडी समय में डॉक्टर नही मिलने से मरीजों को इलाज हेतु भटकना पड़ रहा है। सिलौंडी से कटनी मुख्यलय की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। गंभीर बीमारी में इतनी दूरी तय कर इलाज करने में मरीजों को अधिक परेशानी हो जाती है यदि गंभीर बीमारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही डॉक्टर के माध्यम से प्राथमिक उपचार मिल जाए तो रास्ते तय करने में मरीज को कुछ दर्द में राहत मिल सकती है। डॉक्टर प्रदीप कुमार को अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पान उमरिया में ही ड्यूटी करते रहते है। ग्रामीणों ने बताया जब सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उनकी नियुक्ति है तो डॉक्टर को सिलौंडी प्रथिमक स्वास्थ्य केंद्र में ही प्रतिदिन ड्यूटी करना चाहिए जिससे सिलौंडी ग्राम के आस पास के लगभग 56 गांव के लोगो को इलाज करने में आसानी होगी और उनको बीमारी में सही समय पर इलाज मिलने पर वह स्वास्थ्य भी रहेंगे।

### हर विवाह का होगा पंजीयन, निर्देश जारी

**कटनी।** देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रुढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है।

## मैपिंग से शेष बचे मतदाताओं के सत्यापन के लिए दल तैनात करें

# सत्यापित मतदाताओं की जानकारी 20 नवम्बर तक अपलोड करें - कलेक्टर

रीवा ।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 14 नवम्बर तक गणना पत्रक वितरित कराएं। मतदाता द्वारा भरे गए गणना पत्रक 18 नवम्बर तक प्राप्त करें। गणना पत्रक के माध्यम से सत्यापित मतदाताओं की जानकारी 20 नवम्बर तक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं। इसके लिए आवश्यक होने पर बीएलओ को रोजगार सहायक अथवा अन्य कर्मचारी सहयोग के लिए तैनात करें। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी क्षेत्र का भ्रमण कर पुनरीक्षण की मॉनीटरिंग करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी मतदाताओं के सत्यापन में किसी तरह की कठिनाई नहीं है। लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन 20 नवम्बर तक पोर्टल पर अपलोड करा दें। गणना पत्रक भरने के बाद यदि मतदाता उपलब्ध नहीं है तो उसके परिवार के किसी भी मतदाता के हस्ताक्षर करा लें। मतदाता के फोटो प्राप्त करने की भी अनिवार्यता नहीं है। शेष बचे 30 प्रतिशत मतदाताओं के सत्यापन के लिए शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में 22 नवम्बर से शिविर लगाएं। इन शिविरों में पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकता, बीएलओ तथा ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहें। शेष बचे मतदाताओं की सूची बीएलओ उपलब्ध कराएं। इस सूची में बड़ी संख्या में ऐसी महिला मतदाताओं के नाम होंगे जिनकी आयु 40 वर्ष से कम है तथा वे विवाह के बाद मतदाता सूची में शामिल हुई हैं। ऐसी महिलाओं से उनके माता-पिता के गणना पत्रक की जानकारी व्हाट्सएप से मंगाकर उसके आधार पर सत्यापन करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कई मतदाता अलग-अलग कारणों से गहन पुनरीक्षण की अवधि में निर्धारित आवास में उपलब्ध नहीं होंगे। अलग-अलग कारणों से वे अपने शहर या गांव से बाहर हो सकते हैं। उनके परिवारजनों से जानकारी लेकर उन्हें ऑनलाइन सत्यापन के लिए प्रेरित करें। गहन पुनरीक्षण की अवधि में मृत और स्थायी रूप से पलायन करने वाले मतदाताओं के नाम पृथक करें। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य 4 दिसम्बर तक हरहाल में पूरा करें। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सत्यापन के बाद मैपिंग के लिए शेष बचे मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने के लिए पृथक से दल तैनात करें। सब मिलकर प्रयास करेंगे तो समय सीमा में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में जो अधिकारी और कर्मचारी तैनात हैं वे 4 दिसम्बर तक केवल मतदाता सूची पुनरीक्षण का ही कार्य करेंगे। कार्यालय प्रमुख उन्हें तब तक के लिए विभागीय कार्य से मुक्त रखें, जिससे समय सीमा में कार्य पूरा किया जा सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने मतदाताओं के सत्यापन तथा मैपिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम मनगवां संजय जैन, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह बघेल तथा सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

रीवा ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत वेदान्ता पब्लिक स्कूल में बालकों के अधिकार एवं बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम पाक्सो अधिनियम के संबंध में विधिक जागरुकता हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को बालकों के अधिकार बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम एवं कशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना, साइबर कानूनों, के बारें में विस्तार से जानकारी दी। डिप्टी चीफ आनंद पाण्डेय ने पाक्सो अधिनियम तथा मंजूर अहमद मंसूरी ने मौलिक कर्तब्यों के बारे में जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती सुधा पचौरी एवं स्वाती श्रीवास्तव ने गुड टच व बैड टच के बारे में छात्र छात्राओं को समझाया। सुमित सिंह समग्र चेतना विकास परिषद ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रार्चाया संगीता सिंह परिहार ने किया व आभार प्रदर्शन विद्यालय के संचालक दीक्षित ने किया।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत सहायता राशि का अंतरण




**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को नवम्बर की आर्थिक सहायता राशि के राज्य स्तरीय अंतरण कार्यक्रम का आयोजन सिवनी से किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से राज्य की समस्त पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बेवकॉस्ट पोर्टल के माध्यम से किया गया, जिसे रीवा जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में लाभार्थी महिलाओं द्वारा देखा गया। जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नवम्बर के लिये 4,02,997 हितग्राहियों के खातों में 5,97,49,7100 (पाँच करोड़ सत्तानबे लाख उनचास हजार एक सौ रुपये) की राशि का अंतरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक लाभार्थी महिला कार्यक्रम से जुड़ सके तथा योजना की जानकारी प्राप्त कर सके।

### जमीन आवंटन के संबंध में आपत्ति 10 दिवस में

**रीवा ।** रीवा में न्यायाधीशों के शासकीय आवास निर्माण के लिए तहसील हुजूर के सेक्टर खुटेही के पटवारी हल्के में खसरा क्रमांक 81 रकबा 0.849 हेक्टेयर तथा खसरा क्रमांक 85 रकबा 1.189 हेक्टेयर भूमि को विधि एवं विधायी कार्य विभाग को आवंटित किया जा रहा है। इसका प्रकरण हुजूर तहसील रीवा में प्रचलित है। यदि किसी व्यक्ति को जमीन के आवंटन के संबंध में किसी तरह की आपत्ति है तो वह सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस की समय सीमा में लिखित रूप में अपनी आपत्ति तहसीलदार कार्यालय हुजूर में कार्यालयीन समय में दर्ज करा सकता है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## आदतन अपराधियों को जिला बदर तथा थाने में हाजिरी के आदेश कलेक्टर ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी किए आदेश

रीवा ।

जिले में लोक शांति और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एक बड़ा कदम उठाया है। मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत कार्रवाई करते हुए चार आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के प्रतिवेदन के आधार पर पारित किया गया है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार अजय पाण्डेय पिता बिहारीलाल पाण्डेय आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम छिवला वर्तमान निवास द्वारिका नगर रीवा तथा शिवम सिंह उर्फ छोटू पिता चन्द्रप्रताप सिंह आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम सोनौरी को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह दिलीप साकेत पिता मोतीलाल साकेत आयु 28 वर्ष निवासी रायपुर कर्चुलियान को भी एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। रूद्र प्रताप सिंह उर्फ बंजारा पिता रामायण प्रसाद सिंह आयु 47 वर्ष निवासी ग्राम कोटरा खुर्द को एक वर्ष की अवधि में हर सोमवार को थाने में हाजिरी के आदेश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर अपराधियों के विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला बदर के स्पष्ट आदेश में कहा गया है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रोजगार मेला शासकीय आईटीआई रीवा में 19 नवम्बर को

**रीवा ।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय आईटीआई रीवा में 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर, एमआरएफ टायर्स भारूच गुजरात, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बैंगलोर, टाटा मोटर प्रा. लि. सानन्द अहमदाबाद गुजरात, हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. रीवा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, सिटी कार प्रा.लि. सतना, प्रगतिशील एग्रोटेक, प्रा.लि. रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, बजाज ऑटो लि. पुणे वालुज पंतनगर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (सोलर) जामनगर गुजरात, एमआरएफ लिमिटेड दहज, इंडुरेंश प्रा. लि. पुणे/चेन्नई/ औरंगाबाद, डी मार्ट पुणे, इंडसिंड बैंक बीएफएलएल, एक्सिस बैंक प्रा. लि., बंसल वायर इंडस्ट्रीज ग्रेटर, एचडीबी फाइनेन्स रीवा की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## अतिक्रमण पर निगम आयुक्त सख्त, अतिक्रमण दस्ते को लगाई फटकार दिखावटी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं



**रीवा।** शहर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण और यातायात में हो रही बाधाओं को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बुधवार को अतिक्रमण दस्ते की बैठक ली और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अतिक्रमण नियंत्रण निगम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या सिर्फ दिखावटी कार्रवाई किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जयस्तंभ चौक से धोबिया टंकी तक तथा शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर योजनाबद्ध तरीके से नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई निष्पक्ष और समान रूप से की जाए, किसी भी क्षेत्र में पक्षपात या मनमानी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। आयुक्त ने यह भी चेतावनी दी कि सड़क पर हटाए गए अतिक्रमण दोबारा नहीं लगने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति पुनः अतिक्रमण करता है तो जब्ती की कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि लोगों में कड़ा संदेश जाए। उन्होंने कहा, "अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्रवाई शहर में दिखनी चाहिए। ऐसा न हो कि दस्ता जैसे ही लौटे, उसी स्थान पर फिर कब्जा कर लिया जाए और जनता को फिर परेशानी उठानी पड़े। डॉ. सोनवणे ने यह भी निर्देश दिए कि टोइंग व्हीकल (वाहन हटाने वाली गाड़ी) को जोन क्रमांक 2 और 3 में सक्रिय रूप से संचालित किया जाए, ताकि मुख्य मार्गों से अवैध पार्किंग और सड़क किनारे कब्जों को हटाया जा सके। बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने यह भी पाया कि कुछ कर्मचारी यूनिफॉर्म के बिना ड्यूटी पर मौजूद थे। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों की एक दिन की वेतन कटौती के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि रीवा शहर की सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## यूपी से टैंकर में डीजल लाकर रीवा के क्रशर प्लांटों में हो रही सप्लाई, 1800 लीटर जब्त, सिरमौर पुलिस ने पकड़ा टैंकर

**रीवा ।** उत्तर प्रदेश से मिनी टैंकर में डीजल लाकर रीवा के क्रशर प्लांटों में सप्लाई हो रही है। सिरमौर पुलिस ने जयस्तंभ के समीप चेकिंग के दौरान एक मिनी टैंकर को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में डीजल भरा मिला। जांच में सामने आया कि चालक यह डीजल यूपी से अवैध तरीके से लाकर रीवा और आसपास के क्रशर प्लंट में सप्लाई करता था। पुलिस ने टैंकर चालक धीरेन्द्र साहू पिता गंगा प्रसाद साहू (32) निवासी कोनी अतरेला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से डीजल परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने विशेष रूप से डीजल परिवहन के लिए यह मिनी टैंकर तैयार करवाया था और वह पहले भी कई बार यूपी से डीजल लाकर रीवा में बेच चुका है। 1800 लीटर जब्त डीजल की कीमत लगभग 1.68 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि यह पूरा नेटवर्क कई स्थानों पर सक्रिय है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किन किन क्रेशर संचालकों और सप्लायरी के संपर्क में में था। जांच के बाद इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।सस्ते के लालच में बढ़ रही तस्करी, दुकानों में खुलेआम बिक्रीमध्य प्रदेश की तुलना में यूपी में डीजल-पेट्रोल के दाम कम होने से तस्करी सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध बढ़ रहा है। रीवा में जहां डीजल 93.39 रुपए प्रति लीटर है, वहीं यूपी में इसकी कीमत लगभग 88.43 रुपए प्रति लीटर है। इस अंतर के चलते बड़ी संख्या में लोग यूपी से डीजल व पेट्रोल लाकर उसकी अवैध तरीके से एमपी में बिक्री करते हैं। हाइवे से लगे इलाकों में डीजल-पेट्रोल खुलेआम दुकानों में भी बिकता है. जो कई बार बड़े हादसे का कारण भी बन चुके हैं।

## रीवा और मऊगंज की गौशालाओं में 20821 गौवंश को मिल रहा आश्रय

रीवा ।

शासन द्वारा बीमार, कमजोर तथा बेसहारा गौवंश को आश्रय देने के लिए गौशालाओं का निर्माण किया गया है। रीवा और मऊगंज जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना के तहत 101 गौशालाएं संचालित हैं। इनमें से पाँच का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा तथा शेष गौशालाओं का संचालन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। इन गौशालाओं में वर्तमान में 20821 गौवंश को आश्रय मिल रहा है। इस संबंध में उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह ने 20वीं पशुधन गणना के अनुसार रीवा और मऊगंज जिले में 83450 गौवंश निराश्रित हैं। इन्हें गौशालाओं में व्यवस्थित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में निर्मित गौशालाओं की क्षमता के अनुसार गौवंश को रखने की व्यवस्था की गई है। रीवा जिले में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में वर्तमान में 7925 गौवंश को आश्रय दिया जा रहा है। यहाँ गौवंश के उपचार की भी समुचित व्यवस्था की गई है। गोबर से खाद, गोनाइल तथा गोकाष्ठ का भी निर्माण किया जा रहा है। गंगेव विकासखण्ड के ग्राम हिनौती में आधुनिक गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। इसमें वर्तमान में 854 गौवंश को आश्रय दिया गया है। गौ अभ्यारण्य गौशालाओं में जिले के पशुपालक किसान और आमजन निराश्रित गौवंश को छोड़ जाते हैं। उप संचालक ने बताया कि गौवंश के बीमार होने अथवा सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलने पर विभाग की मोबाइल उपचार सेवा संजीवनी के माध्यम से उपचार की सुविधा दी जाती है। फोन नम्बर 1962 पर फोन लगाकर बीमार पशुओं के उपचार के लिए पशु एंबुलेंस तथा संजीवनी द्वारा उपचार सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी के उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर तक

**रीवा ।** शासन द्वारा श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत खरीफ फसल 2025-26 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। किसान इसके लिए ई उपार्जन पोर्टल पर 15 नवम्बर तक पंजीयन करा सकते हैं तथा सत्यापन की अवधि 20 नवम्बर तक की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 21 सेवा सहकारी समितियों में 21 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।कोदो के उपार्जन के लिए तहसील गुढ़ में गुढ़, तहसील जवा में भुनगांव और डभौरा, तहसील त्योंथर में सोहरवा तथा कटरा और तहसील सिरमौर में बैकुंठपुर व सिरमौर को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील सेमरिया में भमरा, सेमरिया एवं बीड़ा, तहसील मनगवां में गढ़, गंगेव, बांस, मनगवां एवं कंदैला को केन्द्र बनाया गया है। तहसील रायपुर कर्चुलियान में व्यौहरा तथा रायपुर कर्चुलियान एवं तहसील हुजूर में बहुरीबांध, कृषि उपज मण्डी करहिया, गोविंदगढ़ तथा बांसा में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं।

## किसान संघ की मांगों पर होगी समुचित कार्यवाही - कलेक्टर मऊगंज

मऊगंजः



कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों से किसानों की समस्याओं के संबंध में संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि किसान संघ की विभिन्न मांगों तथा बैठक में दिए गए सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इनमें फौती नामांतरण तथा बंटवारे के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाएंगे। जिले में खाद का डबल लॉक सेंटर तथा सहकारी समितियों से वितरण कराया जा रहा है। खाद की नियमित रैक से मऊगंज जिले को प्राप्त आवंटन का वितरण किया जा रहा है। खाद के वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी सहकारी समितियों को खाद का आवंटन नियमित रूप से किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लंबित सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। दिसम्बर माह से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। पंजीकृत किसानों से एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। अति वर्षा से फसलों को हुई हानि का सर्वे किया जा रहा है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद किसानों को फसल हानि के लिए शासन के मापदण्डों के अनुरूप राहत राशि का वितरण किया जाएगा। बैठक में संबंधित अधिकारी तथा किसान संघ के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

## भीर में बाल संरक्षण समिति का हुआ गठन

मऊगंज



जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत भीर में बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। ग्राम बाल संरक्षण समिति का लक्ष्य बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण और दुर्व्यवहार जैसे मामलों की रोकथाम करना तथा प्रभावित बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान करना है। समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किये गये है इस अवसर पर नोडल अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी एवं अध्यक्ष रामकली साकेत उपस्थित रहीं। बताया गया कि समिति नियमित बैठकें आयोजित कर बच्चों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करेगी और किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम मे ज्ञानेंद्र द्विवेदी, आशीष शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि समिति नियमित बैठकें आयोजित कर बच्चों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करेगी और किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी यह कार्यक्रम अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी, जिला मऊगंज के तत्वावधान में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन (लाड़ो अभियान) के तहत आयोजित किया गया।